यूपी में खुलेंगे 500 नए कोर्ट, इस लेवल के इतने पदों पर मिलेंगे जॉब के अवसर

लखनऊ.सरकार ने सूबे में 500 नए अधीनस्थ कोर्ट की स्थापना और इनके संचालन के लिए 4600 पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। इनमें एडिशनल डिस्ट्रिक एंड सेशन जज के 100 कोर्ट, सिविल जज सीनियर डिवीजन के 100 कोर्ट और सिविल जज जूनियर डिवीजन के 300 कोर्ट की स्थापना होगी।

2200 नई जॉब्स के बढ़ेंगे अवसर

- इन कोर्ट के लिए एडिशनल डिस्ट्रिक एंड सेशन जज और सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के 100-100 कोर्ट के लिए हर कोर्ट से 11-11 पद सृजित किए गए हैं।
- इस तरह इन कोर्ट के गठन होने पर 2200 नई जॉब्स के अवसर बढ़ेंगे।
- इसी तरह सिविल जज जूनियर डिवीजन के 300 कोर्ट के लिए हर कोर्ट में 8 पद के हिसाब से 2400 नई जॉब्स आएंगी।
- ये पद कार्यभार ग्रहण करने की डेट से अगले साल फरवरी तक के लिए सृजित किए गए हैं।

डीए और दूसरे अलाउंस भी मिलेंगे

- बता दें, इन कोर्ट में कार्यरत पदधारकों को शासन की ओर से समय-समय पर अप्रूव्ड डीए और दूसरे अलाउंस भी मिलेंगे।
- प्रमुख सचिव न्याय रंगनाथ पांडेय ने नए कोर्ट की स्थापना और पदों पर भर्ती का शासनादेश जारी कर सूचना इलाहाबाद हाईकोर्ट और केंद्र सरकार के लॉ एंड जस्टिस मिनिस्ट्री को भेज दिया है।

इस लेवल के इतने पद

एडिशनल डिस्ट्रिक एंड सेशन जज- 100
सिविल जज सीनियर डिवीजन- 100
सिविल जज जूनियर डिवीजन -300
आशुलिपिक ग्रेड 1- 100
स्टेनोग्राफर ग्रेड 2- 100
स्टेनोग्राफर ग्रेड 3- 300
मुंसरिम रीडर- 200
मुंसरिम- 400
रीडर- 400
सीनियर असिस्टेंट- 1200
जूनियर असिस्टेंट- 200
अर्दली -700
दफ्तरी -200
प्यून -300
टोटल- 4600